हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, शनिवार 23 अगस्त 2025

तापमान
अधिकतम 28.0 डिग्री
न्यूनतम 23.0 डिग्री

13 नियमितीकरण की मांग को लेकर एनएचएम कर्मचारियों का आंदोलन



14 बस्तर के वनों को देखने के लिए दुनिया भर से आते हैं पर्यटक : कश्यप





### अधिकारी- कर्मचारियों ने सड़क पर उतर सरकार के खिलाफ भरी हुंकार

# हड़ताल के चलते दफ्तरों और शालाओं में ठप रहा कामकाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर





चुनाव के समय दी गई मोदी की गारंटी पूरा करने को लेकर छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय आह्वान पर कलम रख मशाल उठा आंदोलन के दूसरे चरण में आज 22 अगस्त को जिला मुख्यालय में सरकारी कर्मियों ने कामकाज ठप कर एक दिन की हड़ताल किया। सरकारी कर्मियों के महंगाई भत्ता में 2 प्रतिशत की वृद्धि की घोषणा की जिससे सरकारी कर्मी बिफर गए।

- गारंटी को लेकर कर्मचारी लामबंद, किया प्रदर्शन
- निकाली विरोध रैली

कृषि उपज मंडी परिसर में प्रातः 10:30 बजे से कलेक्टर कार्यालय, कमिश्नर, जिला पंचायत, कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, पशु चिकित्सा, डाटा एंट्री ऑपरेटर, जल संसाधन, लोक निर्माण विभाग, पीएचई, रेशम, कृषि महाविद्यालय,इंजीनियरिंग कॉलेज, बस्तर विश्वविद्यालय सहित अनेक विभाग के समस्त कर्मचारी अधिकारी बड़ी संख्या में एकत्रित होकर जोरदार नारेबाजी करते रहे तथा मोदी की गारंटी पूरी करने की मांग करते रहे।

इसके पश्चात फेडरेशन के आह्वान पर हो रहे एकदिवसीय हड़ताल में बड़ी संख्या में उपस्थित कर्मचारियों को फेडरेशन के संभाग प्रभारी कैलाश चौहान,अध्यक्ष गजेंद्र श्रीवास्तव,प्रांतीय प्रचार मंत्री टार्जन गुप्ता,जिला संयोजक आर डी तिवारी, सहित समस्त संगठनों के जिला अध्यक्ष गण मान सिंह भारद्वाज, अजय श्रीवास्तव, डॉ अखिलेश त्रिपाठी, चंद्र प्रकाश देवांगन, शैलेंद्र तिवारी, मधुसूदन यादव, ▶▶| शेष पेज 12 पर

### एसडीआरएफ व लोहण्डीगुड़ा पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद मिला

# चित्रकोट मिनी गोवा पिकनिक स्पॉट में लापता युवक का शव दूसरे दिन बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



लोहण्डीगुड़ा थाना क्षेत्र स्थित मिनी गोवा पिकनिक स्पॉट गए छह दोस्तों में एक नहाने के दौरान बहाव में गुम हो गया था। सूचना पर मौके पर पहुंची लोहण्डीगुड़ा पुलिस व एसडीआरएफ की टीम ने शुक्रवार को कड़ी मशक्कत के बाद उसका शव बरामद किया। युवक के गुम होने की रिपोर्ट परिजनों ने थाने में दर्ज कराई थी।

जानकारी के मुताबिक अभय सिंह पिता प्रवीण सिंह 21 वर्ष निवासी तिलक नगर एलआईसी ऑफिस के पास धरमपुरा अपने 5-6 दोस्तों के साथ गुरुवार को चित्रकोट मिनी गोवा पिकनिक स्पॉट में घूमने आया था। इंद्रावती नदी में नहाते समय पानी के तेज बहाव के चलते वह बह गया। परिजनों को इसका पता लगने पर थाना लोहंडीगुड़ा के चित्रकोट चौकी में उसके गुम होने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। सूचना मिलते ही लोहंडीगुड़ा थाना प्रभारी रवि कुमार बैगा दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और इसकी सूचना बाढ़ बचाओ टीम को दी। पुलिस व एसडीआरएफ की टीम द्वारा गुरूवार देर शाम तक लापता युवक के पता तलाश के लिए रेस्क्यू ▶▶| शेष पेज 12 पर

### पहले भी मिनी गोवा पिकनिक स्पॉट में हो चुका है हादसा

चित्रकोट जलप्रपात व मिनी गोवा पिकनिक स्पॉट में इससे पूर्व भी दर्जनों घटनाएं हो चुकी है जिसमें कई लोगों की जान जा चुकी है लेकिन हादसा थमने का नाम नहीं ले रहा है। पुलिस की लाख मना करने व दुर्घटनाओं की जानकारी देने के बावजूद युवा गहरे पानी में जाने से स्वयं को रोक नही पा रहे है। ऐसे ही हादसे में एक बार फिर युवक को अपनी जान गंवानी पड़ी। निरीक्षक रवि कुमार बैगा ने बताया कि चित्रकोट जलप्रपात के करीब भी तार की बाड़ लगाकर सुरक्षाकर्मियों की तैनाती की गई है जिससे हादसों में कमी आई है लेकिन जलप्रपात की खूबसूरती को करीब से देखने के मोह में सैलानियों द्वारा रिस्क लिया जाता है। लगातार घटनाओं के बाद लोगों को पानी के करीब नहीं जाने जागरूक करने लगातार अभियान चलाया जा रहा है।




# एनएचएम कर्मियों ने किया अनोखा प्रदर्शन निकाली संविदा प्रथा की शवयात्रा



जगदलपुर। बस्तर जिले के एनएचएम कर्मियों द्वारा अपनी 10 सूत्रीय मांगों को लेकर चली आ रही अनिश्चितकालीन हड़ताल प्रदर्शन शुक्रवार को पांचवे दिन भी जारी है। संविदा कर्मचारियों द्वारा अनोखा प्रदर्शन कर संविदा प्रथा की शव यात्रा निकाल कर अंतिम संस्कार के बाद शव दाह किया गया। शव दहन के दौरान सभी ने संकल्प लिया कि इस संविदा रूपी कुप्रथा का समूल नाश किया जाना है तथा ▶▶| शेष पेज 12 पर

- हड़ताल कर्मियों ने संविदा रूपी कुप्रथा का किया अंतिम संस्कार

### कांग्रेस ने किया हड़ताल का समर्थन

हड़ताली कर्मचारियों के मंच पर आकर जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्री सुशील मौर्य, पूर्व महापौर जतिन जायसवाल, नगर निगम के पार्षद व अन्य कांग्रेसी सदस्यों ने संघ के मांगों का पुरजोर समर्थन किया।



# व्यापारी, शिक्षक, अधिकारी सरकारी अनाज का ले रहे लाभ, केंद्र सरकार के निर्देश पर जांच-कार्रवाई शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर


केंद्र सरकार से मिली सूची के आधार पर बस्तर जिले के बड़े व्यापारी गरीबों को मिलने वाला मुफ्त सरकारी अनाज का लाभ ले रहे है। गरीबी रेखा के नीचे वर्ग को मुफ्त में मिलने वाले अन्त्योदय सूची में ऐसे लोगों के नाम का खुलासा बस्तर जिला खाद्य विभाग के जांच में हुआ है। 7 वां वेतनमान लागू होने के बाद कई शिक्षकों का वेतन 70 हजार से 1 लाख रुपए तक हो गया है। इन शिक्षकों के पास भी बीपीएल राशन कार्ड मौजूद है। हर महीने मुफ्त का राशन ले रहे हैं। यह भी सर्वे के दौरान पकड़े जाएंगे। कई लोग अधिकारी बन चुके हैं। इनके पास भी बीपीएल कार्ड है इनकी भी पहचान होगी। जांच में यह भी खुलासा हुआ है कि अनेक ऐसे कार्डधारक है जो 6 से 12 महीने में राशन नहीं उठा रहे है। ऐसे उपभोक्ताओं के नाम भी राशन कार्ड से वंचित होंगे। तीन महीने पहले राज्य से संदेहास्पद लोगों की सूची जारी की गई थी, जिसमें से 3375 हितग्राहियों के नाम थे। सभी पिछले 6 से 12 महीने तक राशन नहीं ले रहे थे। जिले के सभी ग्राम पंचायतों व नगरी निकाय में सर्वे जारी है। जांच के बाद ऐसे हितग्राहियों के कार्ड निरस्त किए जा रहे हैं, इनमें से अधिकांश मृत हैं, कई अन्यत्र निवास कर रहे है। कई हितग्राहियों का ई-केवाईसी नहीं होने के कारण राशन नहीं ले रहे है।

केंद्र सरकार के निर्देश पर खाद्य विभाग द्वारा बीपीएल राशन कार्डों की जांच चल रही है। बस्तर जिले में 63 हजार 134 संदिग्ध राशन कार्ड और उपभोक्ता मिले हैं। केंद्र सरकार द्वारा भेजी गईं संदिग्ध राशन कार्डों की सूची में डुप्लीकेट आधार कार्ड, मृत व्यक्ति के नाम पर राशन, 6 या 12 महीने से अधिक समय से राशन नहीं ले रहे राशन कार्डधारी उपभोक्ताओं की जांच चल रही है।

## प्रधानमंत्री सम्मान निधि का लाभ लेने वाले बड़े किसान भी ले रहे थे बीपीएल कार्ड का लाभ

### लखपतियों के पास बीपीएल कार्ड

मिली जानकारी अनुसार केंद्र सरकार के निर्देशानुसार जिनका सालाना इनकम 6 लाख से अधिक है और उनके पास बीपीएल कार्ड है, तो इसकी जांच की जानी है। इसी प्रकार उच्च पद पर पदस्थ सरकारी कर्मचारी और बढ़े किसानों का भी है, लेकिन बस्तर जिले में खाद्य विभाग के अधिकारी इस संबंध में राज्य सरकार से स्पष्ट निर्देश नहीं आना बताया जा रहा है। खाद्य विभाग की टीम द्वारा घर में दस्तक देकर सर्वे के बाद कार्ड रद्द करने की कार्रवाई शुरू कर दी गयी है। केंद्र से जिले को ऐसे 63 हजार 134 हितग्राहियों की सूची मिली है। इनमें से 98 हितग्राही ऐसे हैं, जो वर्तमान में सरकारी नौकरी में उच्च पद पर हैं।




### हर महीने लाखों की इनकम, फिर भी बीपीएल कार्डधारी

बावजूद ऐसे लोगों के पास बीपीएल राशन कार्ड है। इसके अलावा 9 हितग्राही ऐसे हैं, जिनका टर्नओवर 25 लाख से अधिक है। इनके पास भी बीपीएल कार्ड है। हर महीने लाखों कमा रहे लोग भी गरीबी रेखा का कार्ड बनाकर सरकारी राशन खा रहे हैं। इन सबकी सूची खाद्य विभाग को मिल चुकी है। जांच शुरू होने के साथ ही ऐसे 3000 हितग्राहियों के कार्ड रद्द कर दिये गये हैं।

### अपात्र के कटेंगे नाम

बस्तर जिले में लगभग 3 हजार से ज्यादा कार्डधारक वर्षो से राशन नहीं उठा रहे थे। सेंट्रल गवर्मेंट के पोर्टल में ऐसे उपभोक्ताओं की जानकारी मिली है। अनेक उपभोक्ता शहर छोड़कर अन्यंत्र चले गए है या अनेक उपभोक्ताओं की मृत्यु हो चुकी है। ऐसे राशन कार्ड का वेरिफाई किया जा रहा है। किसी भी अपात्र उपभोक्ताओं को राशन नहीं दिया जाएगा, यह शासन का नियम है।

**हरीश एस,** कलेक्टर, बस्तर

## खबर संक्षेप

### सेजेस केशकाल के प्रभारी प्राचार्य पर हुई कार्रवाई

**कोण्डागांव।** कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना द्वारा सेजेस केशकाल के प्रभारी प्राचार्य मनोज कुमार डडसेना को कार्य में लापरवाही बरतने पर प्राचार्य पद से हटाया गया है। उनके स्थान पर वरिष्ठ व्याख्याता संगीता भास्कर को प्रभारी प्राचार्य बनाया गया है। जारी आदेश के अनुसार मनोज कुमार डडसेना प्रभारी प्राचार्य सेजेस केशकाल के द्वारा अपने कर्तव्य के प्रति घोर लापरवाही किये जाने से विद्यालय संचालन में व्यवधान उत्पन्न हो रहा था। उक्त कृत्य को देखते हुए मनोज कुमार डडसेना को प्रभारी प्राचार्य से पृथक करते हुए शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय केशकाल, विकास खण्ड केशकाल की वरिष्ठ व्याख्याता संगीता भास्कर, व्याख्याता एलद्बबी को स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय केशकाल को प्रभारी प्राचार्य का दायित्व आगामी आदेश पर्यन्त कार्य सम्पादन करने के लिए आदेशित किया जाता है।

### प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली बिल योजना शिविर, 20 से अधिक लोगों ने पंजीयन कराया

**फरसगांव।** प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली बिल योजना के तहत नागरिकों को जागरूक करने एवं पंजीयन के लिए शुक्रवार को फरसगांव नगर के सामुदायिक भवन में विशेष जनजागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में फरसगांव बिजली विभाग के सहायक अभियंता पन्नालाल अहिरवार ने कार्यक्रम में उपस्थित उपभोक्ताओं को योजना की विस्तृत जानकारी देते हुए योजना के लाभ, पात्रता एवं भविष्य में इसके सकारात्मक प्रभावों पर विस्तार से चर्चा किया। उन्होंने क्षेत्रवासियों से इस योजना का अधिक से अधिक लाभ लेने और ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में कदम बढ़ाने को कहा। इस दौरान उपभोक्ताओं और पीएम सूर्य घर के 6 वेंडरों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और मौके पर ही करीब 20 से अधिक लोगों ने पंजीयन कराया। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी प्रवीर सिंह बदेशा, तरुण साना, दीपेंद्र मसीह , नगर पंचायत उपाध्यक्ष मूलचंद पांडे, पार्षद संगीता राव, विनोद पांडे , भाजपा मंडल महामंत्री प्रवीण राव , विद्युत विभाग के कनिष्ठ अभियंता कौशल साहू सहित अन्य कर्मचारी एवं उपभोक्ता उपस्थित रहे।

## कार्रवाई : विश्रामपुरी पुलिस को मिली बड़ी सफलता

# लाखों की चोरी का आरोपी चंद घंटों में गिरफ्तार, 7 लाख के जेवरात बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| केशकाल

ग्राम बड़ेराजपुर बाजारपारा में सूने मकानों को निशाना बनाकर चोरी करने वाले आरोपी को विश्रामपुरी पुलिस ने महज कुछ घंटों के भीतर गिरफ्तार कर लिया। आरोपी सच्चिदानंद सेठिया के कब्जे से करीब 7 लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के आभूषण बरामद किए गए हैं। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक वाय. अक्षय कुमार के निर्देश पर की गई।

■ बड़ेराजपुर बाजारपारा में सूने मकानों को निशाना बनाकर करता था चोरी

दरअसल ग्राम बडेराजपुर बाजारपारा निवासी प्रार्थिया सिलवती साहू पति नंदकिशोर साहू (31) व गंगाबाई पाण्डे पति आत्माराम पाण्डे (35) 21 अगस्त को विश्रामपुरी थाना उपस्थित होकर लिखित रिपोर्ट दर्ज करावाई कि प्रार्थिया के मकान में कोई अज्ञात चोर घर के पीछे का दरवाजा का कुण्डी को तोड़कर घर के अन्दर घुस कर



पेटी में रखे सोने चांदी के जेवरात, आलमारी के ड्राज को तोड़कर उसमे रखे सोने के जेवरात को अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है। प्रार्थियों कि रिपोर्ट पर थाना विश्रामपुरी में कमशः अपराध कमांक 62/2025 धारा 331(3), 305, अपराध कांक 63/2025 धारा 305 (क), 331 (3) भारतीय न्याय संहिता पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

**एसपी ने दिए तत्काल गिरफ्तारी के निर्देश :** मामले की गंभीरता को देखते हुये श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय श्री वाय. अक्षय कुमार (भा. पु.से.) से निर्देश प्राप्त हुआ कि तत्काल आरोपी की पता तलाश कर विधिवत त्वरित कार्यवाही करें। जिसके पश्चात अतिरिक्त पुलिस पुलिस अधीक्षक महोदय श्री कौशलेन्द्र देव पटेल के मार्गदर्शन में एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस श्री अरूण कुमार नेताम के पर्यवेक्षण में सायबर सेल टीम व विश्रामपुरी थाना प्रभारी उप निरीक्षक विनोद नेताम के नेतृत्व में विशेष टीम गठित कर अज्ञात आरोपी का खोजबीन प्रारंभ किया गया।

**इनकी रही अहम भूमिका :** उक्त कार्यवाही में विश्रामपुरी थाना प्रभारी उप निरीक्षक विनोद नेताम सायबर सेल निरीक्षक सौरभ उपाध्याय, प्र.आर. रितुराज निषाद, अजय बघेल, राजेश मनहर परमेश्वर आर अजय देवांगन, संतोष कोडोपी, बिजू शोरी, अनिल शौर्य थाना स्टाफ सउनि रमेश निषाद, प्रआर देवार्चन सिदार, राजकुमार बंजारे, सियाराम मरापी, म.प्र.आर. जयो चन्द्रवंशी, आर गौत्तम मरकाम, जगदीश नेताम, एवं स्टाफ की अहम भूमिका रही।

### आरोपी ने स्वीकारा गुनाह चोरी का माल बरामद

विवेचना के दौरान पुछताछ पर पता चला कि एक व्यक्ति घर के आस पास घूम फिर रहा था। संदेही सच्चिदानंद रोठिया को अभिरक्षा में लेकर पुछताछ प्रारंभ किया गया। जिस पर संदेही ने चोरी की वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया आरोपी के कब्जे से सोने के नेकलेस 01 नग बजन करीबन 16 ग्राम, मंगलसूत्र 01 नग वजन करीबन 08 ग्राम कान का झुमका एक जोड़ी वजन करीबन 06 ग्राम, बच्चे का सोने का लार्कट 01 नग वजन करीबन 01 ग्राम, चांदी का कर्धन करीबन 160 ग्राम, पायल एक जोडी वजन करीबन 180 ग्राम, बाजूबंद 01 नग वजन करीबन 20 ग्राम, बच्ची की पायल 01 जोड़ी वजन करीबन 20 ग्राम सोने का मगंल सुत्र 08 ग्राम, सोने का शुमका, चैन 12 ग्राम जुमला सोना के आभूषण लगभग 55 ग्राम एव चादी के आभूषण 360 ग्राम जुमला कीमती लगभग 7,00,000 रूपये को जप्त किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जिसे रिमाण्ड पर जेल दाखिल किया जा रहा है।

## पैरालीगल वालिंटियर्स का हुआ एक दिवसीय मासिक प्रशिक्षण



**कोण्डागांव।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश किरण चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में आज कोंडागांव और नारायणपुर जिले के सभी थानों और लीगल एड क्लिनिक में कार्यरत पैरालीगल वालिंटियर्स के लिए एक दिवसीय मासिक प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई।

इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य पैरालीगल वालिंटियर्स को विधिक सहायता, जन–जागरूकता, मध्यस्थता, बाल एवं महिला अधिकार, वरिष्ठ नागरिकों का संरक्षण और मानव तस्करी की रोकथाम जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी देना था। इसका लक्ष्य नालसा और सालसा की योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू कर ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रें में न्याय तक समान पहुँच सुनिश्चित करना है। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती रेशमा बैरागी पटेल ने वालिंटियर्स को उनके कर्तव्यों और जिम्मेदारियों के बारे में बताते हुए कहा कि वे समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय पहुँचाने में एक सेतु का काम करते हैं। उन्होंने समाज के वंचित और निर्धन लोगों को निःशुल्क विधिक सहायता पहुँचाने पर भी जोर दिया।

**लोक अदालत और योजनाओं का प्रचार :** सचिव गायत्री साय ने वालिंटियर्स को अपने–अपने क्षेत्रें में विधिक साक्षरता शिविरों के माध्यम से व्यापक जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिया। उन्होंने आगामी 13 सितंबर 2025 को होने वाली नेशनल लोक अदालत को सफल बनाने के लिए सामुदायिक स्तरों, ग्राम पंचायतों और हाट–बाजारों में अधिक से अधिक प्रचार करने के लिए कहा, ताकि कोई भी व्यक्ति न्याय से वंचित न रहे। इस अवसर पर अधिवक्ता सुरेन्द्र भट्ट ने मध्यस्थता के लाभों के बारे में जानकारी दी और इसे आम नागरिकों तक पहुँचाने के लिए प्रेरित किया।

## चौक सौंदर्यीकरण, वृहद लाइब्रेरी व बंधुआ तालाब के विकास से बदलेगा नगर का स्वरूप

**नारायणपुर।** नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष इंद्र प्रसाद बघेल ने कहा कि नारायणपुर अब विकास की एक नई उड़ान भरने को तैयार है। नगर की छवि बदलने के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाओं पर काम शुरू हो चुका है, जिससे आम नागरिकों को न सिर्फ बेहतर सुविधाएं मिलेंगी बल्कि नगर का स्वरूप भी आधुनिक और आकर्षक बन जाएगा।

नगर पालिका अध्यक्ष ने जानकारी दी कि नगर में चौक-चौराहों के सौंदर्यीकरण की योजना को प्राथमिकता दी गई है। इसके अंतर्गत प्रमुख स्थलों को सजाया जाएगा, जिससे नगर की पहली छवि ही साफ-सुथरी और प्रभावशाली दिखाई दे। वहीं नगर के बीच स्थित ऐतिहासिक बंधुआ तालाब का जीर्णोद्धार कर उसे एक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा। इसके लिए आकर्षक लाइटिंग, फव्वारे, बैठने की व्यवस्था और हरित क्षेत्र तैयार किए जाएंगे। इसके साथ ही, नगर के युवाओं और विद्यार्थियों के लिए एक वृहद और अत्याधुनिक पुस्तकालय की स्थापना की जाएगी। यह लाइब्रेरी आधुनिक सुविधाओं से लैस होगी, जहां पढ़ाई के लिए शांत वातावरण के साथ-साथ डिजिटल संसाधन भी उपलब्ध रहेंगे। यह प्रयास ज्ञानवर्धन के साथ-साथ नगर को शैक्षणिक दृष्टि से भी सशक्त बनाएगा।



■ अब विकास की नई उड़ान भरेगा नारायणपुर : बघेल

इंद्र प्रसाद बघेल ने कहा कि इन सभी कार्यों को मूर्त रूप देने में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और क्षेत्रीय विधायक एवं केबिनेट मंत्री केदार कश्यप की सक्रिय भूमिका है। उनके मार्गदर्शन में नगर को एक नई दिशा और पहचान देने की दिशा में तेज़ी से कार्य हो रहा है। श्री बघेल ने कहा कि सुशासन और जवाबदेही की भावना से इन योजनाओं को धरातल पर उतारा जा रहा है, जिससे जन-अपेक्षाओं की पूर्ति हो सके।

### नगर के विकास में करें सहयोग

नगर पालिका अध्यक्ष ने नागरिकों से अपील की कि वे भी नगर के विकास में सहयोग करें। उन्होंने कहा, यह नगर हम सबका है। यदि हम मिलकर प्रयास करें, तो नारायणपुर को स्वच्छ, सुंदर और उन्नत बना सकते हैं। इस प्रकार आने वाले समय में नारायणपुर न केवल विकास के नए कीर्तिमान स्थापित करेगा, बल्कि अपने ऐतिहासिक और सांस्कृतिक स्वरूप के साथ आधुनिकता की दिशा में भी मजबूत कदम बढ़ाएगा।

## एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक डॉ. पटेल को दी गई भावपूर्ण विदाई



**कोण्डागांव।** राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस की कोंडागांव और नारायणपुर इकाई द्वारा आज वन काष्ठागार के सभागृह में कार्यक्रम समन्वयक डॉ. डी. एल. पटेल के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। डॉ. डी. एल. पटेल ने अपने संबोधन में कहा कि उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान विद्यार्थियों को समाजसेवा और सामुदायिक विकास के लिए प्रेरित किया। उन्होंने युवाओं से प्रधानमंत्री के विकसित भारत के लक्ष्य 2047 को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का आग्रह किया। उन्होंने राष्ट्रीय सेवा योजना की सभी इकाइयों द्वारा किए गए कार्यों और उनकी उपलब्धियों की प्रशंसा भी की। कोंडागांव और नारायणपुर इकाइयों ने डॉ. पटेल को स्मृति चिन्ह, श्रीफल और शॉल भेंट किया। साथ ही उनके कार्यकाल की तस्वीरों का एक कोलाज भी उपहार में दिया। सभी ने डॉ. पटेल के योगदान की प्रशंसा की और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का संचालन मोहन लाल बोगा ने किया और श्रीमती अनिक्षा अंचल ने आभार व्यक्त किया।

**ये रहे उपस्थित :** इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सरला आत्रम ने डॉ. पटेल के योगदान की सराहना की। समारोह में शमक विश्वविद्यालय के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. सजीवन कुमार, जिला संगठक कोंडागाँव शशिभूषण कन्नौजे और नारायणपुर के जिला संगठक श्री चांडक सहित कई वरिष्ठ स्वयंसेवक और कार्यक्रम अधिकारी उपस्थित रहे।

## केशकाल में पीएमएफएमई योजना पर हुई जागरुकता कार्यशाला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना पीएमएफएमई के तहत आज जनपद पंचायत केशकाल में एक दिवसीय जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रें में छोटे खाद्य उद्योगों की स्थापना और आर्थिक सशक्तिकरण की संभावनाओं के बारे में जानकारी देना था।

■ स्व–सहायता समूहों और उद्यमियों को मिला मार्गदर्शन

इस कार्यशाला में केशकाल ब्लॉक की महिला स्व–सहायता समूह की सदस्य, पंचायत प्रतिनिधि और स्थानीय उद्यमी बड़ी संख्या में शामिल हुए। उन्हें बताया गया कि वे कैसे इस योजना का लाभ उठाकर अपने गाँवों में खाद्य प्रसंस्करण इकाइयाँ स्थापित कर सकते हैं और अपने उत्पादों को बड़े बाजार तक पहुँचा सकते हैं। कार्यशाला में प्रतिभागियों को वित्तीय सहायता, तकनीकी प्रशिक्षण और विपणन सहयोग के बारे में भी जानकारी दी गई। जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र की प्रबंधक कुसुमलता नेताम और सहायक प्रबंधक नम्रता एल्मा ने कार्यक्रम का संचालन किया। भारतीय स्टेट बैंक के शाखा प्रबंधक जीवन हेवरम ने बैंकिंग सुविधाओं और ऋण प्रक्रियाओं की जानकारी दी, जबकि जनपद पंचायत के अधिकारियों ने उद्योग स्थापना की प्रक्रियाओं को समझाया।

## बोलेरो वाहन समेत 2 स्टेट के 7 तस्कर पुलिस की गिरफ्त में

# ओडिशा निर्मित एक लाख से अधिक की अवैध शराब जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

जिले की करपावण्ड पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए सात तस्करों को गिरफ्तार किया है। तस्करों के कब्जे से ओडिशा निर्मित 349.820 लीटर अवैध शराब जब्त किया है जिसकी अनुमानित कीमत 1 लाख 1320 रूपए आंकी गई है। गिरफ्तार शराब तस्कर ओडिशा के अलावा छग के बस्तर व कोण्डागांव जिले के है।

शराब तस्करी की सूचना पर एसपी शलम कुमार सिन्हा के निर्देश व एएसपी महेश्वर नाग व एसडीओपी भानपुरी प्रवीण भारती के मार्गदर्शन में करपावण्ड थाना प्रभारी एसआई हरिश्चन्द्र निषाद व टीम द्वारा दो अलग मामलों में की गई। शराब तस्करों के खिलाफ पहली कार्रवाई में बोलेरा वाहन क्रमांक ओआर 02 बीएस 4888 कीमत लगभग 5 लाख रूपए से ओडिसा राज्य निर्मित 148.200 लीटर अंग्रेजी शराब कीमत 38 हजार 760 रूपए बरामद किया गया। मामले में आरोपी मुन्नासिंह 34 वर्ष निवासी ग्राम थाना माली ब्लाक नवीनगर जिला ओरगांबाद बिहार हाल उमरकोट डोंगरीगुडा ओडिशा व भूजो भतरा 27 वर्ष निवासी धारली मुण्डागुड़ा थाना उमरकोट जिला नवरंगपुर ओडिशा को गिरफ्तार किया गया। शराब तस्करों के खिलाफ दूसरी कार्रवाई में ओडिशा राज्य निर्मित 201.420 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब कीमत 62 जार 560 रूपए बरामद कर जब्त किया गया। मामले में आरोपी दुर्योधन कश्यप 25 वर्ष निवासी जैबेल खासपारा, पितम नेताम 32 वर्ष निवासी सतोषा गौराबहार, सोनूराम नेताम 30 वर्ष निवासी सतोषा गौराबहार, नामेराम कश्यप 21 वर्ष निवासी छत्तौडी नवागुडापारा जिला कोण्डागांव तथा देवेन्द्र कोर्राम 25 वर्ष निवासी छतौडी नयाराम थाना कोण्डागांव को गिरफ्तार किया गया। दोनों मामले में गिरफ्तार तस्करों से कुल 349.820 लीटर शराब जब्त किया गया जिसकी अनुमानित कीमत 1 लाख 1320 रूपए आंकी गई है।



### ओडिशा से शराब लाकर कडाकांटा जंगल में किया गया था डंप

करपावण्ड पुलिस को सूचना मिली थी कि शराब तस्कर बड़ी मात्रा में शराब ग्राम जैबेल टू स्थित कडाकांटा के जंगल में डंप किए है। सूचना पर टीम गठित कर रेड कार्रवाई की गई। पूछताछ में पता लगा कि ओडिशा के तस्कर जंगल में स्थानीय कोचियों को शराब की डिलीवरी देने वाले थे।

### कार्रवाई में इनकी रही अहम भूमिका

कार्रवाई में एसआई हरिश्चंद्र निषाद के अलावा एएसआई सुखनाथ दीवान, प्रधान आरक्षक रामनाथ भारती, संजीव सिंह, महेन्द्र सिंह ठाकुर, आरक्षक कैलाश भास्कर, निरंजन महान्दी, समलुराम बघेल, बोहितलाल नाईक, सैनिक दीपलाल नेताम व सतीश बघेल की अहम भूमिका रही।

## पेज 11 के शेष

### हड़ताल के चलते...

नारायण सिंह मौर्य,रज्जी वर्गीस, देवराज खूंटे,आनंद कश्यप, अंशुमाली वर्मा, दिलीप चौरसिया, राकेश दुबे, उदय किशोर पांडे, मनोज कुमार, गिरीश कश्यप,पंकज सेठिया,अनिल यादव, दामोदर सेठिया, मोतीलाल वर्मा, बलिराम पुजारी, पल्लव झा,उमेश मेश्राम, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष नीलम मिश्रा,हेमलता नायक के अलावा बस्तर जिले के समस्त विकासखंड संयोजक बकावंड संजय चौहान,तोकापाल,जोगेंद्र सिंह कश्यप,दरभा आशा दान, बस्तानार बोडमाराम मंडावी, बस्तर से शैलेन्द्र तिवारी,लोहंडीगुड़ा उमाशंकर ठाकुर आदि ने संबोधित किया।

**कलेक्टोरेट पहुंची हुंकार रैली:** दोपहर 2 बजे सरकारी कर्मचारियों ने शहर के प्रमुख मार्गो से बहुत बड़ी संख्या में रैली निकाली जो धरना स्थल से प्रारंभ होकर चांदनी चौक होते हुए न्यू नरेंद्र टॉकीज रोड से नयापारा विधायक निवास के पास से गुजरते हुए सीधे कलेक्टोरेट पहुंची। जहां बड़ी संख्या में कर्मचारियों को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने कर्मियों को मेन गेट पर ही रोक दिया। उसके बाद जिला प्रशासन के द्वारा अधिकृत अधिकारी ने गेट में आकर फेडरेशन के मांग पत्र मोदी की गारंटी पूरी करने सहित 11 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन लिया गया। उसके पश्चात रैली वापस धरना स्थल कृषि उपज मंडी पहुंचकर सभा समाप्ति की घोषणा की गई। आज की गई एकदिवसीय हड़ताल में सभा का संचालन छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के संभागीय सचिव मनीष श्रीवास्तव ने मंच का संचालन किया।

### एनएचएम कर्मियों ने किया...

इसे दहन कर नष्ट किया गया। एनएचएम कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष श्रीमती शकुंतला जंगले ने कहा कि हम 20 वर्षों से प्रदेश की जनता की सेवा कर रहे हैं। कोरोना महामारी हो या आपातकालीन परिस्थिति, एनएचएम कर्मियों ने हमेशा अपनी जिम्मेदारी निभाई है, लेकिन आज जब हम अपने हक और भविष्य की सुरक्षा की बात करते हैं, तो सरकार मौन है। जब तक हमारी मांगें पूरी नहीं होतीं, आंदोलन जारी रहेगा। मांगों में नियमितीकरण, समान कार्य के लिए समान वेतन, स्थानांतरण नीति, सेवा शर्तों का निर्धारण, सामाजिक सुरक्षा लाभ सहित अन्य बिंदु शामिल हैं।

### चित्रकोट मिनी गोवा पिकनिक...

ऑपरेशन चलाया गया लेकिन पानी का बहाव तेज व अधेंरा होने से उसका पता नहीं लग पाया। शुक्रवार सुबह से पुनः तलाशी अभियान चलाया गया। पुलिस और एसडीआरएफ की टीम के द्वारा कड़ी मशक्कत के बाद दोपहर में मृतक अभय सिंह के शव को नदी से खोजकर बाहर निकाला गया। पुलिस द्वारा मर्ग पंचनामा कार्यवाही करने के बाद मृतक के शव को परिजनों को सुपुर्द किया गया।

बाक्स

## खबर संक्षेप

### एमबीबीएस और बीडीएस में 2 विद्यार्थियों का चयन





**सुकमा।** मेहनत और लगन अगर सच्चे मन से की जाए तो सफलता कदम चूमती है। रोकेल विखं छिंदगढ़ स्थित डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल के दो होनहार छात्रों ने यह साबित कर दिखाया है। छात्रा उर्मिला राणा और छात्र रितेश मंडावी ने मेडिकल और डेंटल कोर्स में चयन पाकर न सिर्फ स्कूल का नाम रोशन किया, बल्कि पूरे क्षेत्र का मान बढ़ाया है। उर्मिला राणा, पिता कृष्णा राणा ग्राम तोंगपाल छिंदगढ़ का चयन जगदलपुर स्थित स्व. बलिराम कश्यप स्मृति शासकीय मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस के लिए हुआ है। वहीं रितेश मंडावी पिता हांदाराम मंडावी, ग्राम उदलातराई छिंदगढ़ का चयन शासकीय डेंटल कॉलेज रायपुर में बीडीएस कोर्स के लिए हुआ है। इनकी सफलता से पूरे विद्यालय परिवार और क्षेत्र में खुशी का माहौल है। शुरू से ही मेधावी और अनुशासित छात्र रहे उर्मिला और रितेश न केवल पढ़ाई में, बल्कि विभिन्न गतिविधियों में भी सक्रिय रूप से भाग लेते रहे हैं। शिक्षकों का कहना है कि उनकी मेहनत और समर्पण ने ही उन्हें यह मुकाम दिलाया है। प्राचार्य पीके दास ने दोनों छात्रों को बधाई देते हुए कहा, यह उपलब्धि न केवल उर्मिला और रितेश के परिवार के लिए गौरव की बात है, बल्कि पूरे विद्यालय और क्षेत्र के लिए प्रेरणा है।

### जनपद उपाध्यक्ष ने महिला समूहों से किया संवाद



**लोहंडीगुड़ा।** जनपद पंचायत सभागार में बिहान के महिला समूहों को बैंक से लोन प्रदाय किया गया। महिला सशक्तिकरण हेतु केंद्र और राज्य सरकार के द्वारा महत्वपूर्ण प्रयास किये जा रहे है। इस अवसर पर उपस्थित होकर बिहान महिला समूहों से संवाद कर महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण, स्वालाम्बंन एवं आत्मनिर्भर बनाने का अवसर सृजन पर बात रखी गयी। इस कार्यक्रम में जनपद लोहंडीगुड़ा के सीईओ धनेश्वर पांडे, बीपीएम दिलीप देवांगन, लिलेश्वरी सिन्हा, हिरमानी सहारे, हेमबती कश्यप, मोती कश्यप, समूह के अध्यक्ष, सचिव एवं सदस्य उपस्थित रहे।

### साइबर क्राइम से बचने थाना प्रभारी ने किया जागरूक



**बस्तर।** बस्तर पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिंह के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सुरेश जांगड़े लगातार स्कूलों व कॉलेज के छात्र-छात्राओं को साइबर सुरक्षा के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी जा रही है। इसी तारतरम्य में थाना प्रभारी एवं स्टेट बैंक बस्तर के अधिकारियों के संयुक्त तत्वाधान में महाविद्यालय में साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। साइबर अपराधों से बचने एवं साइबर अपराधियों के जाल में नहीं फंसने के लिए सशक्त उपाय बताकर साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया।

# माध्यमिक शाला कुड़कानार में दैनिक समाचार वाचन से शुरू होती है पढ़ाई

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोण्ड**

विकासखंड बस्तर की माध्यमिक शाला कुड़कानार में बच्चों की पढ़ाई अब एक नई दिशा ले चुकी है। यहां हर दिन की शुरुआत सिर्फ प्रार्थना से नहीं, बल्कि समाचार पत्रों की सुर्खियों और ज्ञानवर्धक पुस्तकों के वाचन से होती है।

यह पहल शाला के प्रधान अध्यापक धीरेन्द्र यादव की है, जिन्होंने बच्चों की झिझक दूर कर उनके अभिव्यक्ति कौशल को निखारने के उद्देश्य से यह नवाचार शुरू किया। बोलने की हिम्मत ही सीखने की पहली सीढ़ी है। यह पहल न केवल कुड़कानार की शाला के लिए मिसाल है बल्कि पूरे बस्तर अंचल की शालाओं में इसे एक मॉडल के रूप में अपनाया जा सकता है।

आज जब डिजिटल सूचनाएं हर ओर हैं तो बच्चों को सही जानकारी पढ़ने, समझने और व्यक्त करने की आदत डालना शिक्षा का एक अहम हिस्सा बन चुका है।

**हर बच्चा बने आत्मविश्वासी वक्ता : धीरेन्द्र**

शाला में प्रतिदिन, प्रार्थना सभा के पश्चात, एक-एक कर छात्र-छात्राओं को मंच पर बुलाकर समाचार पत्र की सुर्खियां और ज्ञानवर्धक लेख पढ़वाए जाते हैं। इस अभ्यास ने बच्चों के भीतर न सिर्फ आत्मविश्वास भरा है, बल्कि उन्हें समसामयिक घटनाओं की समझ भी दी है। शिक्षकों के अनुसार, जो बच्चे पहले मंच पर बोलने से कतराते थे, अब खुले मन से विचार प्रकट कर रहे हैं।



**नवाचार सभी स्कूलों को अपनाना चाहिए**

इस प्रकार का नवाचार सभी शालाओं में अपनाया जाना चाहिए। बच्चों में अभिव्यक्ति कौशल विकसित करना समय की आवश्यकता है। शिक्षक इस कार्य के लिए बधाई के पात्र हैं।

-भारती देवांगन,
विखं शिक्षा अधिकारी बस्तर

## मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

# नियमितीकरण की मांग को लेकर एनएचएम कर्मचारियों का आंदोलन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर**

कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन एवं एनएचएम कर्मचारी संघ ने संयुक्त रैली के माध्यम से डीए, पेंशन व नियमितिकरण सहित विभिन्न मांगों को लेकर मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा।

प्रदेश भर में नियमितकरण की मांग को लेकर एनएचएम कर्मचारी

- **बड़ी संख्या में पहुंचे कर्मचारी कलेक्ट्रेट का किया घेराव**

व्यापक स्तर पर धरना प्रदर्शन कर रहे है। आज इसी कर्म में बीजापुर में भी आंदोलन का असर देखने को मिला। हजारों की संख्या में कर्मचारी कलेक्ट्रेट का घेराव किया। इस दौरान छग कर्मचारी एवं अधिकारी फेडरेशन के जिला सचिव कैलाश रामटेके ने बताया है कि प्रांताध्यक्षक कमल वर्मा के आह्वान पर आज रैली एवं धरना प्रर्दशन के माध्यम से




मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन सौंपा और नियमितीकरण की मांग की है। फेडरेशन के जिलाध्यक्ष मो. जाकिर खान एवं जिला सचिव कैलाश रामटेके के नेतृत्व में एसडीएम बीजापुर जागेश्वर कौशल को सौंपा।

कर्मचारियों की प्रमुख मांगे में केंद्र के समान दो प्रतिशत महंगाई भत्ता एवं 2019 से देय मंहगाई भत्ते की एरियश राशि दी जाये। पिंगुआ कमेटी की रिपोर्ट सार्वजनिक किया जाये, चार स्तरीय पदोन्नत समयमान वेतनमान दिया जाना, वेतन विसंगति दूर करने, केशलेश चिकित्सा सुविधा लागू, अनुकंपा नियुक्ति में 10 प्रतिशत सीमा बंधन समाप्त किया जाये, अर्जित अवकाश 300 दिवस, नगदीकरण, पूर्ण पेंशन हेतु निर्धारित नीति बनाया जाना, रिटायरमेंट आयु 65 वर्ष किया जावे, समस्त अनियमित कर्मचारियों को नियमित कर किया जाना है। अपनी मांगों को लेकर जिला मुख्यालय में सभी विकासखण्डों के कर्मचारी-अधिकारी एकित्रत होकर सांस्कृतिक मैदान में धरना प्रदर्शन कर नारे लगाये।

वहीं फेडरेशन के समस्त पदाधिकारियों ने एनएचएम कर्मचारियों की मांगों का समर्थन किया व संयुक्त रूप से रैली निकालकर ज्ञापन सौंपा। मांगे पूरी नहीं होने की स्थिति में आंदोलन उग्र करने की भी चेतवानी दी गई है। इस दौरान फेडरेशन के कोषाध्यक्ष लोकेश रेड्डी, सह सचिव रेश्मा गोड्डे, वन कर्मचारी संघ के विश्वनाथ मांझी, स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ के शेख फारुख, वाहन चालक संघ से महेश देवांगन, लिपिक संघ के राजेन्द्र पसपुल, शिक्षक संघ मोहन राय, दुब्बा कामेश्वर, बीएल पुजारी, चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ के मोतीराम बेलसरिया, एनएचएम संघ से रमाकांत पूनेठा, महिला बाल विकास से प्रियंका देहारी, पटवारी संघ के केजी यशवंत वीरा राजा बाबु, सहायक शिक्षक फेडरेशन से राजेश मिश्रा पुरुषोतम झाड़ी, अनिल झाड़ी, पंचायत सचिव संघ से रमेश कुड़ीयम, डी माधव राव, वेटनरी संघ के डा.कमल गुप्ता, डॉ. राजीव शर्मा, मनोज कुड़मुल, कृषि विस्तार अधिकारी सलाम अन्य भारी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बस्तर किसान संघ ने दिलवाया किसानों को मुआवजा




**हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर**

बस्तर जिले में नामधारी सीड्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के द्वारा 1701 डीजी मिर्च का बीज डीलर के माध्यम से नर्सरी ग्रोवर को उपलब्ध कराया गया था।

- **सीड्स कंपनी के गलत प्रोडक्ट के कारण हुआ था लाखों का नुकसान**

किसानों ने लगभग 5 सौ एकड़ में मिर्च की फसल लगाई थी, जो खराब हो गई। मिर्च की फसल जिसका करैक्टर डार्क ग्रीन होना था वह बिल्कुल ही लाइट कलर में पैदा हुई जिसके चलते उन्हें बहुत बड़ी मात्रा में नुकसान पहुंचा था। बस्तर किसान संघ के अध्यक्ष अरुण त्रिपाठी ने बताया कि जैसे ही मामला संघ के संज्ञान में आया इसकी शिकायत तुरंत संबंधित कंपनी को की गई और किसानों के लिए मुआवजे की मांग की गई।

इस हेतु संघ द्वारा आवश्यक दबाव बनाते कंपनी को किसानों के नुकसान की पूरी भरपाई करने कहा गया। छत्तीसगढ़ में पहली बार किसी कंपनी द्वारा नुकसान के एवज में सभी किसानों को 81 लाख रुपए की राशि बतौर मुआवजा छाबड़िया को क्रेडिट नोट के रूप में दिया गया। 15 अगस्त को कंपनी द्वारा दिए गए इस मुआवजे को डीलर एवं नर्सरी ग्रोवरों के माध्यम से किसानों के बीच मुआवजे का वितरण किया गया।

## पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना शिविर में 57 लोगों ने कराया पंजीयन



**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर**

प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के प्रचार प्रसार प्रदेश के घरेलू उपभोक्ताओं को प्रोत्साहित करने हेतु विद्युत वितरण विभाग द्वारा योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु पंजीकरण शिविर आईटीआई सद्भभावना भवन में आयोजित किया गया।

उक्त शिविर में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि व अधिकारी कर्मचारी शामिल हुए। शिविर में 57 उपभोक्ताओं ने पंजीयन करवाया। जिसमें 19 उपभोक्ताओं को ऑनलाइन रजिट्रेशन किया गया। 38 उपभोक्ताओं का रजिस्ट्रेशन डॉक्युमेंट में कमी कारण नहीं हुआ। जानकारी देते हुए बताया गया कि पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना एक सरकारी योजना है। जिसका उद्देश्य भारत के घरों को मुक्त बिजली उपलब्ध कराना है। इस योजना की शुरुआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की है, इस योजना के तहत घरों को अपने छतो पर सोलर पैनल लगाने के लिए सब्सिडी दी जाएगी योजना का उद्देश्य सौर ऊर्जा का अधिकाधिक उपयोग करने हेतु घर-घर आवश्यकता अनुरूप सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित कर उपभोक्ताओं को बिजली के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने एवं मासिक बिजली में कमी लाना है। इस दौरान कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य शकुंतला कश्यप, निर्देश दिवान, कांति मौर्य, मनीराम कश्यप, देवकी भद्रे, अनिल परिहार, फतेसिँह परिहार, रामानंद मिश्रा, डॉ, व्ही एस राजपूत, मोहन मौर्य, रायधर दिवान,नगर पंचायत बस्तर के पार्षद गढ़ एवं सरपंच सहित सहायक अभियंता नंदलाल काशी, कनिष्ट यंत्री डीपी कोठारी सहित जनप्रतिनिधि व ग्रामीण बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

## स्वादिष्ट व्यंजन खाकर बच्चे हुए खुश



भानपुरी। प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के अंतर्गत विशेष न्यौता भोज कार्यक्रम का आयोजन भानपुरी तहसीलदार जीवेत सोरी के द्वारा गुरुवार को प्राथमिक शाला भानपुरी में किया गया। जहां छात्र-छात्राओं के अलावा पालकगण व साला विकास समिति के सदस्य स्थानीय जन प्रतिनिधि उपस्थित थे। कार्यक्रम के शुभारंभ में मां सरस्वती की छायाचित्र में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। प्रधान अध्यापिका श्रद्धा वर्मा, परमेश्वर साहू, संदीप गुप्ता, अंजू चंदेल, स्वाति अग्निहोत्री आदि शाला के स्टाफ सहित सरपंच संध्या कश्यप, उपसरपंच सोंगसिंग, पंचगण सहित तहसील के कर्मचारी उपस्थित थे। न्यौता भोज कार्यक्रम में पूडी, सब्जी, खीर, चावल, दाल, सलाद, पापड़ आदि परोसा गया, स्वादिष्ट व्यंजन खा कर बच्चे काफी खुश हुए।

## जनपद उपाध्यक्ष ने दिया पानी टैंकर



लोहंडीगुड़ा। आज जनपद पंचायत लोहण्डीगुड़ा क्षेत्र के अंतर्गत ग्रामवासियों की लंबे समय से चली आ रही मांग को ध्यान में रखते हुए ग्राम पंचायत बाघनपाल में जपं उपाध्यक्ष के द्वारा पानी टैंकर का वितरण किया गया। जनपद पंचायत उपाध्यक्ष डॉ. बसंत कश्यप ने कहा कि क्षेत्र के हर कोने-कोने तक विकास की गति को आगे बढ़ाना है चाहे टैंकर हो या रोड, पुलिया, भवन, इन सभी चीजों को पूरा करने का हम प्रयास करते रहेंगे। कार्यक्रम में सरपंच बाघनपाल फाल्गुनी मौर्य, बलदेव ठाकुर, ग्राम पटेल सुकलो पटेल, डमरू धर, समलू कश्यप, कुमार सिन्हा, भूकसन मौर्य, सकरू मौर्य, कुरसो बघेल, गुडरा मौर्य, पिलू कश्यप, सोनाधार कश्यप, उमेन्द्र ठाकुर सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

# शिक्षा गुणवत्ता के लिए जुटीं विकासखंड शिक्षा अधिकारी



**बच्चों के साथ बैठकर किया मध्यान्ह भोजन**

निरीक्षण के दौरान श्रीमती देवांगन ने माध्यमिक शाला सुधापाल में बच्चों के साथ मध्यान्ह भोजन कर उनकी दिनचर्या और भोजन की गुणवत्ता का भी जायजा लिया। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तभी संभव है जब शिक्षक, पालक और प्रशासन तीनों मिलकर काम करें। उनका यह दौरा शिक्षा व्यवस्था में निरंतर सुधार के लिए प्रशासनिक संकल्प को दर्शाता है। उनके निरीक्षण से शिक्षकों में नई ऊर्जा और जवाबदेही की भावना जागृत हुई है।

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोण्ड**

विकासखंड बस्तर की विकासखंड शिक्षा अधिकारी भारती देवांगन ने बुधवार को ब्लॉक मुख्यालय के दूरस्थ अंचलों की विभिन्न शालाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्राथमिक शाला सुधापाल, माध्यमिक शाला सुधापाल, प्राथमिक शाला गाड़ाघाट, प्राथमिक शाला आमाडोंगरी तथा हायर सेकेंडरी स्कूल सुधापाल का दौरा किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने छात्रों के शैक्षिक स्तर की जांच की और विशेष रूप से अकादमिक रूप से कमजोर बच्चों पर अतिरिक्त ध्यान देने के निर्देश दिए।

श्रीमती देवांगन ने कहा कि उन्हें यह देखकर खुशी हुई कि शालाओं में शिक्षक समय पर उपस्थित हो रहे हैं और बच्चों की उपस्थिति भी संतोषजनक है। उन्होंने उपस्थित शिक्षकों और प्रधानपाठकों की प्रशंसा करते हुए कहा कि इसी तरह की कार्यशैली से शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाया जा सकता है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि कुछ ही दिनों में मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान प्रारंभ होने वाला है, ऐसे में शालाओं में जो भी कमियां हैं उन्हें तत्काल दूर किया जाए।

**फार्म 37**
**[नियम 61 (3 देखें)]**
**मोटर वाहन के पंजीकृत मालिक को नोटिस के लिए पंजीकरण का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना स्थापना और ताजा पंजीकरण का उपयोग किया जा सकता है**
**वित्तीय के नाम में प्रमाण पत्र**

(डुप्लिकेट में बनाया जा सकता है और डुप्लिकेट कॉपी को फाइनेंसर को एक साथ भेजा जाना है नोटिस जारी करना)

पंजीकरण की स्थिति का कार्यालय (जांजगीर-चांपा

रेफरी संख्या 720 दिनांक 21/08/2025

श्री/श्रीमती/कुमारी रामसाय कश्यप.... (रजिस्टर्ड। मालिक) है। एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि चोलामण्डलम इंवेस्टमेंट एण्ड प्रा.कं.लि. Financio) है / ने सूचित किया है कि उसने/ उन्होंने मोटर वाहन असर पंजीकरण को अपने कब्जे में ले लिया है संख्या CG 11 BT-5277 एक समझौते द्वारा कवर किया गया किराया-खरीद/पट्टे/उक्त समझौते के प्रावधानों के तहत अपने डिफॉल्ट के कारण हाइपोथैकेशन, और:

1. आपने उसे / उन्हें पंजीकरण प्रमाणपत्र देने से मना कर दिया है।
2. आप फरार हो गए हैं।

उसने पंजीकरण प्रमाणपत्र रद्द करने और नए सिरे से जारी करने का अनुरोध किया है उसके/ उसके नाम में पंजीकरण का प्रमाण पत्र।

अतः आपसे अनुरोध है कि उक्त के पंजीकरण के प्रमाणपत्र को सरेंडर करें मोटर वाहन जो आपके द्वारा बनाए रखा गया है वह आपके कब्जे को खोने के बावजूद और जिससे धारा 2 (3) के तहत मोटर वाहन का स्वामित्व और आपके भेजने के लिए रसीद की तारीख से सात दिनों के भीतर इस कार्यालय में, यदि कोई हो, का प्रतिनिधित्व आपके द्वारा यह नोटिस, विफल होने पर पंजीकरण का एक नया प्रमाणपत्र जारी किया जाएगा फाइनेंसर का नाम, आपके अनुसार आयोजित पंजीकरण का प्रमाणपत्र रद्द करना धारा 51 (5) के साथ।

तारीख..............
जो भी अनुचित हो, स्ट्राइक आउट करें।

पंजीकरण प्राधिकरण का हस्ताक्षर

सेवा
फाइनेंसर चोलामण्डलम, इंवेस्टमेंट एण्ड प्रा. कं.लि. निर्मल विद्यालय रोड इन्कम टैक्स ऑफिस झंकार सिनेमा जगदलपुर 494001
(रजिस्टर्ड पोस्ट पावती देय द्वारा भेजा जाना है)

## रजत जयंती धूमधाम से मनाया




**हरिभूमि न्यूज ▶▶| किरन्दुल**

छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार एवं जिला कलेक्टर के मार्गदर्शन में सभी जिलों एवं विकासखंडों में रजत जयंती वर्ष के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहें हैं। इसी क्रम में शुक्रवार दोपहर 1 बजे किरन्दुल हनुमान टेकरी में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें फलदार एवं छायेदार कुल 1001 पौधरोपण किया गया। पौधरोपण कार्यक्रम के पूर्व एनएमडीसी मंगल भवन में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। सर्वप्रथम कलेक्टर कुणाल दुदावत, नगरपालिका अध्यक्ष रूबी सिंह, अन्य जनप्रतिनिधियों एवं अतिथियों ने मां सरस्वती के तैलचित्र पर दीप प्रज्वल्लित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विभिन्न शासकीय विद्यालय एवं नगरपालिका कर्मचारियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम में गीत एवं नृत्य की प्रस्तुति दी गई। इस दौरान कलेक्टर एवं नगरपालिका अध्यक्ष ने सभी विद्यालयों को साउंड सिस्टम प्रदान किया। इस अवसर पर कलेक्टर ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण और मातृभूमि के प्रति सम्मान प्रकट करने की दिशा में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा हैं। एक पेड़ मां के नाम के तहत सभी को अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए। मौके पर नगरपालिका उपाध्यक्ष बबलू सिद्दीकी, मुख्य नगरपालिका अधिकारी शशिभूषण महापात्र, एनएमडीसी महाप्रबंधक उत्पादन केपी सिंह, डीजीएम एचआर केएल नागवेणी, महाप्रबंधक एएम, एनएस इंडिया वाईवी राघवेलु, डॉ तेजप्रकाश एवं अन्य उपस्थित थे।

## पुलिस अधिकारियों ने ली शांति समिति की बैठक



**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बचेली**

गणेश उत्सव शांतिपूर्ण मनाने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व विभाग विवेक चंद्रा बड़ेबचेली एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी कपिल चंद्रा किरन्दुल की अध्यक्षता में निरीक्षक मधुनाथ ध्रुव थाना प्रभारी बचेली के द्वारा थाना परिसर बचेली में गणेश मूर्ति स्थापना व पण्डाल व्यवस्था, गणेश मूर्ति विसर्जन के संबंध में शांति समिति की बैठक लिया गया। जिसमें नगर पालिका उपाध्यक्ष, वार्ड पार्षदों, प्रतिष्ठितगण, गणेश समिति के पदाधिकारीगण एवं पत्रकारगणों की उपस्थिति में गणेश उत्सव शांतिपूर्ण तरीके से मनाने, डीजे का उपयोग नहीं करने, पारंपरिक वाद्य यंत्रों का उपयोग करने एवं शासन के नियमों का पालन करने समझाईश दिया गया है।

## मां कर्मा प्रतिभा प्रोत्साहन समिति करेगी पांच सौ जरुरतमंद बच्चों का सम्मान

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर**

- **रिटायर्ड अफसर-कर्मचारियों ने बनाई संस्था**
- **दसवीं और बारहवीं में उल्लेखनीय प्रदर्शन करने वाले बच्चों का होगा सम्मान**

मां कर्मा प्रतिभा प्रोत्साहन समिति प्रदेश के सभी जिलों के लगभग पांच सौ से अधिक जरुरतमंद बच्चों का सम्मान करेगी। प्रदेश के अलग-अलग विभागों से सेवानिवृत्त हुए अधिकारियों और कर्मचारियों ने इस समिति का गठन किया है। इसके तहत दसवीं और बारहवीं कक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जरूरतमंद बच्चों को चेक देकर सम्मानित किया जाएगा। संचालक मंडल के पदाधिकारी टेकराम साहू एवं दिनेश कुमार साहू ने बताया कि आर्थिक रुप से कमजोर बच्चों को मदद करने के उद्देश्य से इसका गठन किया गया है। इसके लिए प्रदेशभर में अभियान चलाकर फंड एकत्रित किया गया है। इसके माध्यम से बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए भी आर्थिक मदद प्रदान की जाएगी। इसमें इंजीनियरिंग, मेडिकल के अलावा प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले बच्चों का खर्च उठाया जाएगा। उन्होंने बताया कि राजधानी रायपुर के मधु पिल्लै चौक स्थित विमतारा भवन में इस प्रोत्साहन समारोह का आयोजन रविवार 24 अगस्त को किया जा रहा है। सुबह दस बजे से शाम पांच तक होने वाले इस आयोजन में प्रदेशभर के प्रतिभावान बच्चे और उनके परिजन शामिल होंगे।



**खबर संक्षेप**

### संस्था में हुआ इंडक्शन कार्यक्रम



**जगदलपुर।** शहर के इंस्टीटयूट ऑफ टेक्नालॉजी संस्था में नवप्रवेशित प्रथम वर्ष के समस्त छात्र, छात्राओं को इंडक्शन कार्यक्रम के अंतर्गत आंतरिक परिवाद समिति एवं लैगिंक उत्पीडन अधिनियम की जानकारी प्रदान करने हेतु क्रिमिनल लायर एवं अधिवक्ता संघ की उपाध्यक्ष श्रीमती हेलिना गिरीधरन संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन सुश्री वंदना जांगड़े सहायक प्राध्यापक, रसायन एवं अशोक कुमार यादव सहायक प्राध्यापक, अंग्रेजी के मार्गदर्शन में संपादित किया गया।

### 260 खिलाडी जूडो में दिखाएंगे दमखम आज

**जगदलपुर।** ऑल बस्तर जिला जूडो संघ द्वारा इंटर स्कूल जूडो प्रतियोगिता का आयोजन 23 एवं 24 अगस्त को स्थानीय टाऊन हाल में किया जा रहा है।
प्रतियोगिता में बस्तर संभाग सहित बाहर की टीम भी भाग लेगी।
प्रतियोगिता सब जूनियर, जूनियर, सीनियर वर्ग की होगी। साथ ही 10 वर्ष के कम वर्ग के खिलाड़ियों की भी प्रतियोगिता रखी गई है।
प्रतियोगिता में 260 खिलाडी व 20 अधिकारी भाग लेंगे । जूडो संघ के सचिव अब्दुल मोईन ने बताया कि उद्‌घाटन समारोह के मुख्य अतिथि विधायक किरण सिंह देव, महापौर संजय पांडेय सहित अन्य विशेष अतिथि की उपस्थिति में 23 अगस्त को टाउन हॉल में शाम 4 बजे शुभारंभ होगा।

### महारानी अस्पताल में नर्स और डॉक्टर पर्याप्त संख्या में जरूरी, सौंपा ज्ञापन



**जगदलपुर।** महारानी अस्पताल में लगातार बढ़ती अव्यवस्था, मरीजों और उनके परिजनों को हो रही परेशानियों एवं स्वास्थ्य सेवाओं में बेहतरी को लेकर आज युथ कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष हेमंत कश्यप के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजय बसाक को ज्ञापन सौंपा।
ज्ञापन में कहा गया है कि महारानी अस्पताल, जो बस्तर संभाग का सबसे बड़ा सरकारी अस्पताल है, वहां बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। मरीजों को समय पर इलाज, दवाइयाँ और आवश्यक जांच की सुविधा नहीं मिल पा रही है।
स्वच्छता की भी खराब स्थिति है, जिससे संक्रमण फैलने का खतरा बना रहता है। वहीं डॉक्टर और स्वास्थ्यकर्मियों की कमी के कारण मरीजों को सही उपचार नहीं मिल पा रहा है। गरीब और ग्रामीण अंचलों से आने वाले लोग महारानी अस्पताल में इलाज की उम्मीद लेकर पहुंचते हैं, स्वास्थ्य विभाग को तत्काल सुधारात्मक कदम उठाना चाहिए।
इस दौरान युथ कांग्रेस कार्यकर्ता प्रदेश सचिव गंगा सोरी, प्रदेश महासचिव मनोहर सेठिया, ब्लाक अध्यक्ष एडविन,यूनिवर्सिटी अध्यक्ष पंकज केवट मौजूद थे।

# वन मंत्री के आग्रह पर किसान ने वनभूमि कब्जा छोड़ा, मंच से किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर प्रवास के दौरान वन मंत्री केदार कश्यप बेसोली में आयोजित वन महोत्सव में सम्मिलित हुए। जहां उन्होंने पीपलावंड ग्राम पंचायत में वन विभाग के जमीन पर गांव के निवासी सोन सिंह पिता पदम उम्र 48 वर्ष से वन भूमि पर किया गया, वन मंत्री ने कब्जा छोड़ने का आग्रह किया। इससे किसान ने अपनी कब्जे की जमीन को ग्रामवासियों के समक्ष लिखित में वापस की और भविष्य में ऐसा कार्य नहीं करने की प्रतिज्ञा ली। वन मंत्री ने उक्त किसान के इस निर्णय को अनुकरणीय बताया है, उन्होंने कहा यह एक अनूठी पहल है। मंत्री केदार कश्यप ने कहा सोनसिंह के इस कार्य से अन्य लोग भी जल्द प्रभावित होकर समाज हित में वनभूमि से कब्जा छोड़ने का निर्णय लेंगे। वहां के सरपंच केशव एवं लोगों ने उनकी इस मिसाल का स्वागत किया है। वन विभाग जगदलपुर वृत्त के मुख्य वन संरक्षक आरसी दुग्गा एवं वन मंडल अधिकारी उत्तम कुमार गुप्ता के नेतृत्व में यह कार्य बहुत ही अच्छे एवं ढंग से चल रहा है, जिसका परिणाम कि लोग स्वयं से आकर कब्जे की जमीन का वापसी कर रहे हैं। उप वन मण्डलाधिकारी आईपी बंजारे एवं भानपुरी के वन परिक्षेत्र अधिकारी डॉ. प्रीतेश कुमार पांडे ने सोन सिंह के इस प्रयास के लिए स्वागत किया एवं अन्य अतिक्रमणकारियों से भी आग्रह किया है जो भी लोग है इस प्रकार से कब्जा किए है। स्वयं से आकर अपनी कब्जे की जमीन को वापिस कर दें।

## वनभूमि कब्जाधारी किसान सोन सिंह ने पेश की अनूठी पहल

- कब्जे की जमीन को ग्राम वासियों के समक्ष लिखित में की वापसी





### मिलेगा रोजगार का अवसर

विभाग के सीसीएफ ने आश्वस्त किया कि ग्राम सभा के माध्यम से जो मांग की गई है, 2 तालाब और 125 एकड़ के फेंसिंग का कार्य एवं मिश्रित पौधरोपण का कार्य बहुत जल्द ही पूर्ण किया जाएगा। क्षेत्र में लोगों के आजीविका एवं रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाए जाएंगे।

## बस्तर की संस्कृति और पर्यटन के नाम से बस्तर की अलग पहचान : देव

# बस्तर के वनों को देखने के लिए दुनिया भर से आते हैं पर्यटक : कश्यप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

वन विभाग व कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान द्वारा शहीद गुंडाधुर कृषि कालेज के सभागार में आयोजित कनेक्ट बस्तर कार्यक्रम में वन मंत्री

- वन विभाग के विकास कार्यों का हुआ शिलान्यास
- कनेक्ट बस्तर की थीम पर पर्यटन की सुविधा के लिए दस वाहनों को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

केदार कश्यप ने बस्तर ईको टूरिस्ट समिति के समूहों को बधाई देते हुए कहा कि पर्यटन के दृष्टि से बस्तर क्षेत्र में वन बहुत बड़ा आधार है, बस्तर के वनों को देखने के लिए दुनिया भर के पर्यटक आते हैं । कनेक्ट बस्तर की थीम पर पर्यटन की दृष्टि से वन विभाग और कांगेर वैली राष्ट्रीय उद्यान द्वारा कोंडागांव जिले के टाटामारी से बस्तर जिले के चित्रकोट, नारायणपाल मंदिर, तीरथगढ़, कांगेर वैली राष्ट्रीय उद्यान और दंतेवाड़ा जिले के दंतेश्वरी मंदिर, बारसूर के मंदिर को एक सर्किट बनाकर पर्यटकों की सुविधा हेतु दस वाहन की व्यवस्था की गई है।

कार्यक्रम में विधायक किरण देव ने कहा कि प्रदेश में हमारी सरकार बनने के बाद मुख्यमंत्री साय और वन मंत्री केदार कश्यप ने बस्तर जैसे वनांचल क्षेत्र में पर्यटन के विकास को गति दी है। बस्तर की संस्कृति और पर्यटन के नाम से आज देश विदेश में बस्तर क्षेत्र की अलग पहचान बनी है। अब बस्तर के धुरमारास पर्यटन स्थल को यूनेस्को जैसी संस्था सम्मान दे रही है। हमको बस्तर को पर्यटन के दृष्टि से कॉरिडोर के रूप में जोड़ने की आवश्यकता है। कांगेर वैली राष्ट्रीय उद्यान की एक अच्छी पहल पर्यटन के लिए दस वाहनों का लोकार्पण किया गया है। इसके अलावा कार्यक्रम में लगभग एक करोड़ 70 लाख के विकास कार्यों का शिलान्यास किया गया। इस अवसर पर मंत्री कश्यप और विधायक देव ने कनेक्ट बस्तर की थीम का विमोचन किया गया, वन विभाग से संबंधित विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को चेक वितरण किया। साथ ही शासकीय आवास गृह निर्माण हेतु 59 लाख 92 हजार नक्षत्र वाटिका के सौंदर्यीकरण के लिए 72 लाख 48 हजार का और पांच सरई शेड निर्माण के लिए 38 लाख रुपए 13 हजार रुपए लागत के विकास कार्यों का शिलान्यास किया गया। साथ ही पर्यटन के सुविधा के लिए दस वाहनों को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया।



### ये रहे मौजूद

इस मौके पर महापौर संजय पांडेय, सीसीएफ वन्यजीव स्टायलो मंडावी, डीएफओ उत्तम गुप्ता, कांगेर वैली राष्ट्रीय उद्यान के संचालक नवीन कुमार, अपर कलेक्टर ऋषिकेश तिवारी सहित गणमान्य नागरिक और अधिकारी उपस्थित रहे।

# प्रेक्षागृह, डिवाइडरों पर फ्लेक्स लगाना प्रतिबंधित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

नगर पालिका निगम में महापौर संजय पांडेय की उपस्थिति में एमआईसी की बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को पारित किया गया। ऑडिटोरियम एवं हॉल के

- एमआईसी की बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय

नामकरण में सहमति बनी जिसमें धरमपुरा में बन रहे प्रेक्षागृह का नाम विश्वकवि गुरु रवींद्रनाथ टैगोर रखा जाएगा। सभी डिवाइडरों पर फ्लेक्स पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा, उल्लंघन करने पर कार्रवाई की जाएगी। डिवाइडरों में 50 मिनी यूनिपोल स्थापित किए जाएंगे, जिन्हें पीपीटी मॉडल पर 10 वर्षों के लिए ठेके पर दिया जाएगा। शहर में ग्राउंड होर्डिंग्स लगाने हेतु 5 वर्षों के लिए ठेके पर देने का प्रस्ताव पारित किया गया।

40 स्थानों पर 77 होर्डिंग्स चिन्हित किए गए। कांजी हाउस का नाम बदलकर अब गौ सदन किया गया। अमृत जल प्रदाय योजना के अंतर्गत 15वें वित्त आयोग के टाइड मद से उपलब्ध 6 करोड़ 45 लाख 73 हजार का प्रस्ताव शासन को प्रेषित किया गया। स्विमिंग पूल को पुनः ठेके पर दिए जाने का प्रस्ताव पारित हुआ। बैठक में नगर निगम अध्यक्ष खेम सिंह देवांगन, एमआईसी के सदस्य गण निर्मल पाणिग्रही, लक्ष्मण झा, योगेंद्र पांडे, राणा घोष, संजय विश्वकर्मा, संग्राम सिंह राणा, कलावती कसेर, त्रिवेणी रंधारी, श्वेता बघेल, आयुक्त प्रवीण वर्मा, गोपाल भारद्वाज सहित निगम के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

### कमरों के नाम में अंचल के कवि

महापौर संजय पांडे ने कहा कॉलेज परिसर में बन रहे ऑडिटोरियम का नाम कवि रविंद्र नाथ टैगोर एवं हॉल का नाम स्व. सत्यजीत भट्टाचार्य के नाम पर रखा गया। हॉल में बने कमरों के नाम जोगेंद्र महापात्र, स्व. रामदास वैष्णव, बंसीलाल विश्वकर्मा एवं स्व. लाला जगदलपुरी के नाम पर प्रस्तावित किए गए हैं।

सांसद के साथ संघ के नेता मिले इस्पात मंत्री से

# इस्पात मंत्री ने मांगे पूरी करने दिया आश्वासन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

एनएमडीसी लिमिटेड के कर्मचारियों का विगत 3 वर्ष 7 माह से लंबित पुनरीक्षत वेतनमान को शीघ्र लागू करवाने एवं श्रम संघ मान्यता हेतु औद्योगिक अधिनियम 1947 की धारा 2 (आर ए) के कॉलम-2(बी) की 5वीं अनुसूची का पालन सुनिश्चित करवाने हेतु खदान मजदूर संघ (सम्बद्ध भारतीय मजदूर संघ) शाखा किरंदुल एवं बचेली की मांग पर बस्तर सांसद महेश कश्यप द्वारा सकारात्मक पहल की गई । केंद्रीय इस्पात एवं भारी उद्योग मंत्री एचडी कुमारस्वामी के नई दिल्ली स्थित निवास में खदान मजदूर संघ के प्रतिनिधिमंडल के साथ महत्वपूर्ण बैठक आहूत की गई। बैठक में विश्व की सबसे बड़ी श्रम संघ भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध खदान मजदूर संघ द्वारा राष्ट्रहित, उद्योग हित एवं श्रमिक हित में श्रमिकों की बहुप्रतीक्षित मांग को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। वेतन पुनरीक्षण हेतु कार्रवाई प्रक्रियारत थी, किन्तु वित्तीय वर्ष के समापन माह मार्च 2025 में कतिपय श्रम संघों द्वारा बेमुदत आंदोलन किया गया। जिससे वेतन समझौते की कार्रवाई बाधित हुई तथा अवधि बढ़ती चली गई। खदान मजदूर संघ के प्रतिनिधिमंडल ने केंद्रीय इस्पात मंत्री से अनुरोध किया कि हमारा श्रम संघ सदैव राष्ट्रहित सर्वोपरि के सिद्धांतों पर कार्य करता है। जनवरी 2022 से लंबित पुनरीक्षित वेतनमान को शीघ्र लागू करवाने हेतु आवश्यक आगामी कार्रवाई का अनुरोध किया गया। इस्पात मंत्री द्वारा सांसद महेश कश्यप एवं खदान मजदूर संघ शाखा किरंदुल के अध्यक्ष बी दिल्ली राव, सचिव महेंद्र कुमार, राजेंद्र यादव, उपेंद्रनाथ त्रिपाठी बचेली शाखा के अध्यक्ष दीप शंकर देवांगन, सचिव सुरेश तामो, अमित मिश्रा, राजेश डेहरिया को एनएमडीसी के उच्च प्रबंधन से बैठक कर अतिशीघ्र आवश्यक आगामी कार्रवाई का आश्वासन दिया गया।

# सीजी 17 गाड़ियों का टोल निःशुल्क किया जाए : मौर्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

राजीव भवन में बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा जगदलपुर सीजी 17 की समस्त गाड़ियों का टोल टैक्स निःशुल्क करने व नियम

- टोल प्लाजा को लेकर कांग्रेस करेगी धरना प्रदर्शन



विरुद्ध बनाए जा रहे नए टोल प्लाजा के मुद्दों को लेकर प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया। अध्यक्ष सुशील मौर्य ने बताया कि टोल धमतरी से जगदलपुर के बीच की दुरी 272 कि.मी हैं। इस दरम्यान बढ़ईगुडा, मसोरा,चारामा के आगे जगतरा फिर धमतरी टोल नाका संचालित हो रहा हैं, परन्तु पप्पु ढाबा के आस-पास नया टोल नाका बनाया जा रहा हैं जो नियम विरुद्ध है । भाजपा सरकार को अन्य शहरों के तर्ज पर यहां की सीजी 17 गाड़ियों को भी टोल टैक्स निःशुल्क करने पहल करना चाहिए। उन्होंने कहा आज पर्यंत तक बन रहे नए टोल प्लाजा का भाजपा सरकार ने संज्ञान नहीं लिया न ही कोई पहल की है जो दर्शाता है कि भाजपा सरकार सिर्फ जनता को लूटने के अलावा कोई कार्य नहीं करती है, भाजपा सरकार के संरक्षण में नए टोल प्लाजा का कार्य जारी है,चार टोल प्लाजा होने के बावजूद नए टोल प्लाजा बनाया जाना नियम विरुद्ध है । नियमों के खिलाफ है, जबकि नेशनल हाईवे की निर्धारण और संग्रह के तहत एवं एन एच आई दो टोल प्लाजा के बीच की न्युनतम दुरी 60 किलोमीटर होनी चाहिए ।

इसके बावजूद शर्तो को पुरा नहीं किया जा रहा है । इस दौरान पूर्व विधायक रेखचंद जैन, नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी, सुभाष गुलाटी, लेखन बघेल,ललिता राव,हनुमान द्विवेदी, अंगद त्रिपाठी, शहर जिला मीडिया प्रभारी शादाब अहमद, अंकित सिंह, ज्योति राव, उस्मान रजा, लोकेश नंदा, रजत जोशी,मोहसिन खान मौजूद रहे।


### कांकेर से लेकर केशकाल तक की सड़कें जर्जर

अध्यक्ष ने कहा पुरे जगह टोल नाकाओं में सुविधाओं का अभाव है,बस्तर अंचल की अंदरूनी क्षेत्रों के कई गाड़िओं पर फास्टेक नहीं लग पाया है। जब वे टोल पर जाते है तो डबल चार्ज के साथ साथ डबल शुल्क लेते है और उनसे बतमीजी से पेश आते हैं। जो बर्दाश्त नहीं किया जायेगा । एवं टोल ठेकेदारों द्वारा टोल नाको पर भी बाहरी राज्यों के कामगारों से टोल संचालन के साथ साथ दंबगई भी की जाती है। जगदलपुर से बढ़ईमुड्डा टोल नाका की दुरी 12 कि.मी हैं परन्तु शहर व ग्रामीण क्षेत्रो से लगे 20 कि.मी के दायरे में आने वाले सभी सीजी 17 के गाड़ियों से पैसा लिया जाता है।जो कि न्याय संगत नहीं हैं।

### केंद्रीय मंत्री का आदेश का पालन हो

सुशील मौर्य ने कहा परिवहन व सड़क मंत्री नितिन गडकरी ने साफ कहा कि टोल प्लाजा के बीच की न्युनतम दुरी 60 किलोमीटर होनी चाहिए। कुम्हारी टोल पर भी सीजी 04 07 से टोल नहीं लिया जाता हैं उसी तरह से यहां पर भी सीजी 17 की गाड़ियो को टोल फ्री किया जाए ।


## निजी स्कूल और नर्सिंग कालेज की मनमानी फीस से गरीब परिवार परेशान



**जगदलपुर।** जनअधिकार सामाजिक कल्याण संघ बस्तर के प्रतिनिधि मंडल प्रदेश अध्यक्ष चन्द्रिका सिंह की अगुवाई में निजी स्कूलों,नर्सिंग कालेजों में ली जा रही मनमानी फीस पर रोक लगाने कलेक्टर द्वारा फीस निर्धारण करने ज्ञापन आयुक्त को सौंपा। ज्ञापन मुख्यमंत्री, विधानसभा अध्यक्ष एवं मुख्य सचिव के नाम पूर्व में सौंपा गया था । इस परिपेक्ष में उच्च न्यायालय बिलासपुर ने भी निजी स्कूलों के द्वारा ली जा रही मनमानी फीस को गंभीरता से लेकर राज्य शासन को फीस निर्धारण करने सुझाव दिया है। प्रदेश अध्यक्ष ने जारी बयान में कहा है कि मध्यम वर्गीय एवं आर्थिक रूप से कमजोर परिवार अपने बच्चों के भविष्य को देखते हुए स्कूल प्रबंधन के हर जुल्म को सहन करने बाध्य है। उन्होंने कमिश्नरको सौंपे ज्ञापन में संभाग के सभी कलेक्टर को फीस निर्धारण करने हेतु निवेदन किया है।

## लोकमान्य तिलक वार्ड में वूमन फॉर ट्री अभियान का शुभारंभ, वन मंत्री एवं विधायक हुए शामिल

**जगदलपुर।** वन मंत्री केदार कश्यप व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने शुक्रवार को लोकमान्य तिलक वार्ड में पौधरोपण कर वूमन फॉर ट्री अभियान की शुरूआत की। इस अवसर पर महापौर संजय पाण्डे जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पांडे, नगर निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन, एमआईसी सदस्य, पार्षदगण सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों ने भी पौधरोपण किया। मंत्री कश्यप ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि पेड़-पौधे हमारे जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं और उन्हें लगाकर देखरेख करना हमारी जिम्मेदारी है। इस अभियान से शहर की सुंदरता बढ़ेगी, बल्कि यह जलवायु परिवर्तन जैसी वैश्विक चुनौतियों का सामना करने में भी सहायक होगा।






# इंद्रावती जल विवाद पर ओडिशा का रवैया ठीक नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

ओडिशा के साथ इंद्रावती जल विवाद प्राथमिकता के साथ हल किया जाए । वर्षो से इंद्रावती जल बटवारे के विषय पर विवाद चल रहा

- वनभूमि पट्टा वितरण योजना की समीक्षा जरूरी
- वन मंत्री से मिले इंद्रावती बचाओ अभियान के सदस्य

है तथा इसका हल अब तक निकाला नहीं जा सका है। दोनों राज्यों के मध्य हुऐ समझौते का पालन उड़सिा द्वारा नहीं किया जा रहा है तथा छत्तीसगढ़ उसे बाध्य करने में असफल रहा है। इसी कारण से बस्तरवासी भंयकर जल त्रासदी का सामना करने को मजबूर है। बस्तर के हक का पानी न मिलने से हमारे किसान परेशान हो रहे है, हमारा पर्यावरण संतुलन बिगड़ रहा है, अभ्यारण्य में रहने वाले पशु, पक्षी भी प्रभावित हो रहे है। वन मंत्री केदार कश्यप को सौंपे ज्ञापन में इंद्रावती बचाओ अभियान के सदस्यों ने इसका उल्लेख किया है। इंद्रावती व सहायक नदियों, नालों को संरक्षित किया जाये व किनारों पर पौधारोपण किया जाय। बाढ़ के दौरान अगल बगल की मिट्टी का कटाव जो बड़ी मात्रा में होता है वह भी रुकेगा।

पौधारोपण प्रायोगिक ना हो तथा बस्तर के लिये पृथक योजना बने। बस्तर साल वनों के द्वीप के रूप में जाना जाता था। वर्तमान में बस्तर की यह पहचान विलुप्त हो रही है। साल के वृक्ष जंहा भी होते है, वे बरसात को आकर्षित करते है जिससे साल के जंगलों के साथ ही आस पास की भूमि भी सिंचित होती है और यह भूजल के स्तर को भी बढ़ाती है। वन मंत्री से साल के पौधे ही रोपे जाये। वन विभाग द्वारा साल के पौधे तैयार किये जा रहे है।

ज्ञापन में कहा गया है कि वनों की अवैध कटाई पर कड़ाई से रोक लगाई जायें, कड़ी सजा का प्रावधान हो । वन भूमि पट्टा योजना का लाभ लेने के लिये बड़े वन क्षेत्र को वृक्षविहिन कर दिया गया है, आज आवश्यकता है कि ऐसी योजनाओं की पुनः समीक्षा की जाये तथा इनमें आवश्यक बदलाव किये जायें। वनमंत्री केदार कश्यप को सर्किट हाउस में दशरथ कश्यप, किशोर पारख और संपत झा ने ज्ञापन देकर इन विषयों पर त्वरित कार्यवाही की मांग की।



